डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः COE/513/2023 दिनांकः 14/08/2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम वर्ष 2023 के प्रायोगिक / मौखिकी / आन्तरिक परीक्षाओं के अंक महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 में प्रेषित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड किये जाने है।

उपर्युक्त सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्याः 208 / सत्तर–7–2023–बी0एड0(09) / 2014टी0सी0 दिनांक 27 जुलाई, 2023 के कम में राज्य स्तरीय बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2023 की काउन्सिलिग प्रक्रिया प्रारम्भ किए जाने के दृष्टिगत स्नातक अन्तिम सेमेस्टर / वर्ष का परीक्षाफल घोषित किए जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त कम में परीक्षाओं के प्रायोगिक / मौखिकी / आन्तरिक अंक अतिशीघ्र विश्वविद्यालय पोर्टल पर उपलब्ध अपने महाविद्यालय के लॉगिन पर अपलोड कराने का कष्ट करें, साथ ही अपलोड किये गये अंकों की प्रति परीक्षक के हस्ताक्षर सहित प्रैक्टिकल अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रो0 अनिल गुप्ता, समन्वयक, प्रयोगात्मक परीक्षा।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)।
3. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. एजेन्सी 2023 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करें।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक